हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 3 अगस्त 2025

06 शहर में दो मासूम भाई-बहन की हुई संदिग्ध...



09 संपूर्ण समाधान दिवस पर 261 मिली शिकायतें, 31 का मौके...





### दिगंबर जैन समाज में चल रहे धार्मिक प्रवचन

## देव दर्शन से स्वर्ग व मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है : मुनि विवर्धन सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

परमात्मा के दर्शन से कई पाप मिट जाते हैं। देव दर्शन की कल्पना मात्र से कई उपवास का फल मिलता है। जो भाव सहित देव दर्शन करता है उसका परिणाम भव्य होता है। देव दर्शन से स्वर्ग और मोक्ष मिल सकता है। मंत्र पर आस्था नहीं होगी तो वह मंत्र काम नहीं करेगा। स्थानीय दिगंबर जैन समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान गणधर मुनि 108 विवर्धन सागर महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान शनिवार को समाज जनों के समक्ष यहां विचार व्यक्त किये।

मुनिश्री ने कहाकि संसार में पड़कर हम अपने अंदर बैठे भगवान को भूल गए हैं। हमने अपनी आत्मा को कई बुराइयों से लिप्त कर रखा है। उन पापों से छुटकारा पाने के लिए हमें अधिकतर समय धर्म ध्यान में लगाना होगा। उन्होंने कहा कि अनंत भव हम धारण कर चुके हैं कई पापों को हमने किया है। इसीलिए आस्था व श्रद्धा पूर्वक हमें देव दर्शन करना होगा। देव दर्शन से स्वर्ग व मोक्ष मिल सकता है। मुनिश्री ने कहाकि हमारी श्रद्धा चलायमान नहीं होना चाहिए। लेकिन





जीवन में अनुकूलता व प्रतिकूलता आने पर लोगों की श्रद्धा चलायमान हो जाती है। एक व्यक्ति पर विपदा आती है वह कभी राम का, कभी कृष्ण का, कभी शिवजी की, कभी महावीर की आराधना करता है। लेकिन फिर भी विपदा आ जाती है। उसी समय भगवान प्रकट होते हैं उसके स्वास्थ्य के बारे में पूछते हैं। तब वह व्यक्ति कहता है आप थोड़ी देर पहले आ जाते तो मेरी विपदा नहीं आती। ईश्वर ने कहा मैं तुझे बचाने आया था लेकिन है भक्त तेरी श्रद्धा बार-बार बदल रही थी। उन्होंने कहा इसीलिए श्रद्धा एक पर केंद्रित होना चाहिए। हम विभिन्न - विभिन्न स्थलों पर जाकर सुख चाहते हैं। मंत्रों की माला फेरते फेरते जीवन हो गया लेकिन मंत्रों पर श्रद्धा नहीं होने से सफलता नहीं मिलती।

जैसे वैध द्वारा दी गई औषधि पर श्रद्धा रखने पर ही औषधि काम करेगी। इसी तरह अगर मंत्र पर आस्था व श्रद्धा नहीं होगी तो वहां मंत्र काम नहीं करेगा। उन्होंने कहाकि स्व उपकार के साथ परोपकार करते हुए सभी के सहयोगी बनना चाहिए निःशक्ति गुण हमें कभी भी नहीं छोड़ना है। हमें अपने सम्यक गुण नहीं भूलना है, हमें अपनी अनायतन की ओर नहीं जाना है। ऐसे मित्रों के साथ मत रहो जिससे हमारी भावनाएं दूषित हो जाए। जीवन में खाना पीना सोना बस इसको ही जीवन मत मानो हमें जिनवाणी सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इसलिए जिनवाणी का श्रवण करना चाहिए। देव गुरु शास्त्र पर निःशंकित भाव होना चाहिए। शंका रहित सम्यक दर्शन से हम निश्चित रूप से भगवान बन सकते हैं।

मुनिश्री ने कहा कि वर्तमान में जिनवाणी ही हमें मोक्ष मार्ग दिखा सकती है। रत्नत्रय से ही स्वात्मा की प्राप्ति होती है। तत्वों पर यथार्थ श्रद्धान ही सम्यक दर्शन है, जो वस्तु का स्वभाव होती है। उस वस्तु के स्वभाव को समझना है। जीव का स्वभाव ज्ञान दर्शन चेतना है। जिस प्रकार से तलवार की धार पर पानी चढ़ाया जाता है। तलवार को अग्नि में लाल गर्म करके तलवार को उस जल में डाल देते हैं। इस प्रकार सुर्ख लाल तलवार पानी को अवशोषित कर लेती है इसी प्रकार पानी चढ़ी हुई तलवार की धार कभी भी टूटती नहीं है। उसी प्रकार निःशंकित अंग की भी स्थिति होती है कभी-कभी रोग आने पर हमारी श्रद्धा डगमगाने लगती है। फिर हम कुदेव, कु गुरु, कु शास्त्र पर हमारी श्रद्धा होने लगती है। लेकिन उसी समय हमारी श्रद्धा की परीक्षा होती है। हमें श्रद्धा पर अड़िग रहना चाहिए।

### 500 छात्रों का भविष्य अधर में लटका

## मान्यता नवीनीकरण न होने वाले स्कूलों के छात्रों को आज तक नहीं करवाया अन्य स्कूलों में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

सरकार द्वारा निजी स्कूलों की मान्यता व नवीनीकरण के नियमों में बदलाव के चलते प्रदेश के कई स्कूलों के साथ ही नलखेड़ा विकासखंड के 18 निजी स्कूलों की मान्यता का नवीनीकरण नहीं हो पाया है। मान्यता समाप्त होने वाले स्कूलों के छात्रों को निकटतम स्कूल में प्रवेश दिलवाने के लिए लोक शिक्षण संचालनालय से दूसरी बार जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखे जाने के बाद भी अभी तक विकासखंड में ऐसे छात्रों को अन्य स्कूलों में प्रवेश नहीं दिलवाया गया है। ऐसे में विकासखंड के ऐसे लगभग 500 छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

सरकार द्वारा निजी स्कूलों की मान्यता अथवा नवीनीकरण के लिए बनाए गए नये नियमों के तहत अब संबंधित स्कूल की मान्यता के लिए रजिस्ट्री अथवा किरायानामा प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे में जो स्कूल उक्त दस्तावेज प्रस्तुत नही कर पाए उन्हें मान्यता नही मिल पाई है। नलखेड़ा विकासखंड में भी ऐसे 18 निजी स्कूल है जिनकी मान्यता नवीनीकरण नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार इन स्कूलों में इस शिक्षा सत्र के लिए आरटीई के तहत छात्रों को प्रवेश नहीं दिया गया है। लेकिन मान्यता नवीनीकरण नहीं होने से इन स्कूलों में पूर्व से आरटीई के तहत प्रवेशित छात्रों जिनकी संख्या लगभग 500 है को शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के एक माह बाद भी अन्य स्कूलों में प्रवेश नही दिलवाया है। जिससे उनकी पढ़ाई नही हो पा रही है इसके चलते इन छात्रों के भविष्य पर तलवार लटक गई है। मामले में विकासखंड स्तरीय शिक्षा अधिकारी जिले से अभी तक कोई आदेश नही मिलने की बात कह रहे है तो जिला शिक्षा अधिकारी एक सप्ताह में अन्य स्कूलों में ऐसे छात्रों को मर्ज करने की बात कह रहे हैं।

**इनका कहना है**

जिन स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण नहीं हुआ है उन स्कूलों के छात्रों को एक सप्ताह में अन्य स्कूलों में मर्ज कर दिया जाएगा।

**एमके जाटव,** जिला शिक्षा अधिकारी जिला आगर मालवा

### अक्षित राठौर ने आईआईटी की डिग्री प्राप्त कर बढ़ाया नगर का मान

**नलखेड़ा।** नगर के अक्षित राठौर ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान नई दिल्ली से आईआईटी की डिग्री प्राप्त कर नगर का मान बढ़ाया है। नगर के सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश राठौर के पुत्र अक्षित राठौर को शनिवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान नई दिल्ली मंल आयोजित दीक्षांत समारोह में डिग्री प्रदान की गई। इस दौरान उनके माता पिता भी उपस्थित थे। उनकी इस सफलता पर नगर के गणमान्य नागरिकों, परिजनों व इष्टमित्रों द्वारा बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।








### शासकीय माध्यमिक विद्यालय पचलाना के छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल बांटी

**नलखेड़ा।** विकासखंड के ग्राम पचलाना में स्थित एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण की गई। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अथिति दरबारसिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष, पवन पाटीदार सरपंच प्रतिनिधि, पचलाना शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रेम नारायण मालवीय के आतिथ्य में शासन की योजना अंतर्गत 8 विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरण की गई। इस दौरान पूर्व बीईओ सुरेंद्र सिंह ठाकुर स्कूल के प्रधानाध्यापक जगदीश पाटीदार, रश्मि दुबे, पन्नालाल वर्मा, गोविंद यादव रानू यादव आदि उपस्थित थे।

### समाजजनों के घरों पर सामूहिक नमस्कार महामंत्र जाप का चल रहा कार्यक्रम

## नवकार महामंत्र मंगल कलश की शोभायात्रा निकाली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी मंडल की प्रेरणा से विश्व शांति, जनकल्याण, संकल्प सिद्धि व आत्म समृद्धि की भावना के साथ 68 दिवसीय नवकार महामंत्र की कलशयात्रा का कार्यक्रम समाज में चल रहा है। लाभार्थी परिवार के यहां नवकार कलश श्री संघ के साथ शोभायात्रा के रूप में ले जाया जा रहा है। जहां पर एक घंटे का सामूहिक नमस्कार महामंत्र का जाप प्रतिदिन चल रहा है। यहां क्रम लगातार 68 दिवस तक चलेगा।

जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित रत्ननिधि म.सा.व पुण्य निधि म.सा. आदि ठाणा-05 की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में विभिन्न तप आराधना के साथ धार्मिक कार्यक्रम चल रहे हैं। 68 दिवसीय नवकार मंगल कलश प्रतिदिन लाभार्थी परिवार के यहां श्री संघ के साथ ले जाया जा रहा है। शनिवार को नवकार मंगल कलश को बधाने का अनुपम लाभ जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप युवा यूनिक द्वारा सेवा व समर्पण के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मैं लिया गया। प्रवचन उपरांत जैन आराधना भवन से गाजे बाजे के साथ नगर में नवकार कलश की शोभायात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजनों के साथ महिलाओं व ग्रुप दंपति सदस्यों द्वारा भाग लिया गया। इसके पूर्व साध्वीजी द्वारा मंगल कलश का विधि विधान मंत्रोच्चार के साथ करवाया गया। प्रमुख मार्ग से कलश यात्रा वापस जैन आराधना भवन पहुंची जहां पर मंगल कलश की स्थापना कर 1 घंटे के सामूहिक नवकार जाप हुए। ग्रुप द्वारा प्रभावना का वितरण किया गया। जैन समाज द्वारा आयोजित नवकार महामंत्र कलश यात्रा के दौरान प्रतिदिन नगर का वातावरण धर्म मय बना हुआ है। वही घर-घर में हो रहे नवकार जाप के चलते लाभार्थी परिवारों के घरों पर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह हो रहा है।

### एनसीसी पाठ्यक्रम के द्वितीय चरण में रजिस्ट्रेशन 4 तक

**सीहोर।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के द्वितीय अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी कर दी गई है। उच्च शिक्षा विभाग ने यह प्रक्रिया शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों के लिए तय की है।विद्यार्थी 31 से 4 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन और आवेदन कर सकेंगे। दस्तावेजों का सत्यापन 31 से 6 अगस्त तक होगा। मेरिट सूची 7 अगस्त को जारी की जाएगी। सीट आवंटन 8 अगस्त को होगा। आवंटित हेल्प सेंटर पर विद्यार्थियों को 8 से 13 अगस्त तक मूल दस्तावेज, टीसी और माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यापन कराना होगा।

### शिव भजन संध्या का भव्य आयोजन 4 अगस्त को किया जाएगा

**सीहोर।** सीहोर में श्री महादेव सुंदरकांड ट्रस्ट के तत्वावधान में पवित्र सावन माह के पावन अवसर पर सोमवार 4 अगस्त को सीहोर के प्राचीन श्री मनकामेश्वर मंदिर तहसील चौराहा सीहोर में सांय 7 बजे से शिव भक्ति से औतप्रोत शिवमाला कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### शालीभद्र रिद्धि-सिद्धि महल की प्रस्तुति का हुआ कार्यक्रम

## जैन समाज के चातुर्मास में हो रहे विभिन्न धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय जैन समाज के चातुर्मास के दौरान विभिन्न धार्मिक आयोजन के साथ धर्म आराधनाएं चल रही हैं। समाज में श्रैणिक तप की तपस्या के साथ माता पद्मावती देवी की आराधना व एकासना का कार्यक्रम भी प्रति शुक्रवार चल रहा है। शुक्रवार रात्रि को शालीभद्र रिद्धि-सिद्धि महल की सुंदर प्रस्तुती का कार्यक्रम हुआ।

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में इस बार चातुर्मास आराधना करवाने के लिए हनुमान मंडी स्थित जैन आराधना भवन में विराजित साध्वी रत्ननिधि म.सा., पुण्य निधि म.सा. आदि ठाणा-5 की पावन निश्रा में चातुर्मास के दौरान विभिन्न धर्म आराधना चल रही है। समाज में सात तपस्वियों द्वारा श्रेणीक तप की तपस्या की जा रही है। श्री संघ नलखेड़ा में प्रथम बार श्री पार्श्वनाथ निर्वाण कल्याणक पर तीन दिवसीय महोत्सव चल रहा है। जिसमें प्रथम दिवस शुक्रवार रात्रि को जैन आराधना भवन में शालीभद्र का रिद्धि सिद्धि महल कार्यक्रम की बहुत ही शानदार प्रस्तुति हुई।

कार्यक्रम में शालीभद्र ओर उनकी धर्मपत्नी बनने का सौभाग्य राकेश दुग्गड़ ओर चंचल दुग्गड़ को मिला। जिसमें







धार्मिक उपकरण के साथ विभिन्न सामग्रियों के 12 स्टॉल सजाए गए थे। जिसका उद्घाटन भी शालीभद्र बनने के लाभार्थी दुग्गड़ परिवार द्वारा किया गया। इसमें उपस्थित समाज जनों द्वारा विभिन्न धार्मिक प्रश्नों के उत्तर का सही जवाब देने पर 12 स्टालों के नंबर लिखे टोकन उठाए गए तथा जो नंबर आया उस नंबर वाले स्टॉल पर पहुंचकर संबंधित ने वहां सजा कर रखी सामग्री में से अपनी मनपसंद सामग्री को इनाम के रुप में प्राप्त किया। साथ ही कार्यक्रम में पांच लक्की ड्रा भी रखे गए थे। रात्रि 8 बजे प्रारंभ हुआ यहां कार्यक्रम रात 11बजे तक सुचारू रूप से चलता रहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में समाज की नन्ही बालिका हितांशी सकलेचा द्वारा जैन भजन पर अपनी सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। चंदा प्रभु बहु मंडल के घोष बैड के साथ लाभार्थी दुग्गड़ परिवार का कार्यक्रम स्थल पर आगमन हुआ। शनिवार रात्रि को जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों की माता का स्टेज कार्यक्रम जैन आराधना भवन में आयोजित किया गया। रविवार को श्रीसंघ में पहली बार सम्मेद शिखरजी की भाव यात्रा व स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम लाभार्थी स्वर्गीय रमेशचंद फाफरिया की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। प्रातः 8:30 बजे सकल श्रीसंघ व साध्वी मंडल बैंड बाजे के साथ हिम्मतमल रमेशकुमार फाफरिया के निवास स्थान पर पहुंचेंगे। यहां से लाभार्थी फाफरिया परिवार को सुसज्जित बगी (रथ) में विराजित कर नगर में शोभा यात्रा निकाली जाएगी। प्रमुख मार्ग से शोभायात्रा जैन आराधना भवन पहुंचेगी यहां पर साध्वी मंडल के पावन सानिध्य में सम्मेद शिखरजी की भाव यात्रा का धार्मिक कार्यक्रम पूरे भावोंल्लास के साथ होगा। त्रिदिवसीय महोत्सव में संचालन करने के लिए कुशल संचालिका मीना प्रमोद कोठरी भोपाल उपस्थित है जिनके द्वारा रवि सकलेचा व राहुल काठेड़ के साथ सभी कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति करवाई जा रही है।

### भगवती पद्मावती देवी की सामूहिक आराधना

साध्वी मंडल की प्रेरणा से नलखेड़ा की पावन धरा पर प्रति शुक्रवार कलियुग की जाग्रत ज्योत संकल्प सिद्धि दायिका मां भगवती पद्मावती देवी की सामूहिक आराधना भी की जा रही है। आराधना में 80 श्रावक श्राविकाओं द्वारा प्रति शुक्रवार को भाग लिया जा रहा है। जिनके द्वारा मां पद्मावती की प्रतिमा के समक्ष विधि विधान के साथ धूप, दीप, फल, नैवेध, अक्षत, पुष्प आदि से पूजन की जाकर। पद्मावती देवी की आराधना जैन उपाश्रय में प्रातः 10:30 बजे से की जाती है। जो लगातार नौ शुक्रवार तक चलेगी। लाभार्थी परिवारों द्वारा सभी श्रावक श्राविकाओं के एकासना जैन धर्मशाला में करवाए जा रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

## वन अमले ने अवैध लकड़ी रखने पर आरा मशीन को किया सील



**देवास।** शनिवार को वन मंडल अधिकार अमित सिंह चौहान के रोस्टर अनुसार ग्राम भौरासा में नारायण पिता प्यारेलाल पटेल की आरा मशीन के निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से काष्ठ का संग्रहण पाया गया। संचालक द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर नियमानुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेश चौहान व परिक्षेत्र सहायक टोकखुर्द हेमराज गोखले, बीट गार्ड अंकित मालवीय, वनरक्षक मनोज मंडलोई, अंकित खत्री, राजेश चौहान, अंकित मंडलोई, दिनेश चौधरी के द्वारा आरा मशीन सील करने की कार्यवाही की गई।

## 14 खिलाड़ी पेंचक सिलाट फेडरेशन कप में मप्र का कर रहे प्रतिनिधित्व



**देवास।** लद्दाख के लेह में 2 से 4 अगस्त 2025 तक मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स लेह में 9वी पेंचक सिलाट फेडरेशन कप शुरू हुई, जिसमें मध्य प्रदेश से 3 सीनियर और 11 जुनियर खिलाड़ी सहित कुल 14 खिलाड़ी मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उक्त जानकारी देते हुए पेंचक सिलाट एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष अबरार एहमद शेख ने बताया कि फेडरेशन कप लद्दाख में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को रवाना होने से पूर्व देवास के एडिशनल एस पी ओर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के खेल प्रभारी राजवीर सिंह भदौरिया, विभाग से पप्पी मास्कोले, पेंचक सिलाट एसोसिएशन - मध्यप्रदेश अध्यक्ष अबरार अहमद शेख, सचिव अभय श्रीवास ने लद्दाख जाने वाले खिलाड़ियों को स्वागत कर बधाई और शुभकामनाएं दी।

### शुक्रवार की रात पड़ोसी के यहां पर बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे भाई-बहन

# शहर में दो मासूम भाई-बहन की हुई संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, जांच पड़ताल की शुरू

मूल रूप से मथुरा की रहने वाली बच्चों की मां पति से अलग बच्चों के साथ एक माह से रह रही थी शहर में।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में शुक्रवार सुबह थाना औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत ढांचा भवन में दो मासूमों की मौत के खबर ने सभी को चौका दिया। मृतक बच्चे सगे भाई-बहन थे। जानकारी अनुसार शुक्रवार रात पड़ोसी के यहां हुई बर्थडे पार्टी के बाद वे घर पर सो गए थे और सुबह उठ ही नहीं पाए। माँ पड़ोसी महिला के साथ दोनों बच्चों को निजी अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टर ने उन्हें जिला चिकित्सालय भेज दिया। जिला चिकित्सालय में दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। मामले को लेकर मृत बच्चों की माँ ने बताया कि वह देवास से पहले पीथमपुर में कंपनी में कार्य कर रही थी। पति को दो वर्ष पूर्व छोड़ दिया है।

मामला संदिग्ध नजर आने पर पुलिस ने प्रकरण को जांच में लिया।पुलिस की पूछताछ में मृतक बच्चे निशा (3) और हेमंत (7) की मां प्रिया यादव ने बताया कि वह दोनों बच्चों के साथ देवास के ढांचा भवन में विक्की जगदाले के मकान में किराए पर रहती है। उसने पति विष्णु कटारा से प्रेम विवाह किया था, लेकिन विवाद के कारण पति से अलग हो गई। दो साल से उनसे कोई संपर्क नहीं है। नौकरी के लिए पहले पीथमपुर और फिर नौकरी देवास आ गई। पुलिस ने मामले में प्रिया से कड़ी पूछताछ की हैं। पड़ोस में रहने वाली रीना पति राकेश ने बताया कि शुक्रवार रात को उसके बच्चे शुभ का जन्मदिन प्रिया के घर पर दोनों मृत बच्चों के साथ मनाया था। रात को केक काटा और भोजन कर सो गए थे। शनिवार सुबह करीब 7 बजे प्रिया ने उन्हें सूचित किया कि बच्चे उठ नहीं रहे। बच्चों को तुरंत संस्कार हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। इस मामले को लेकर रीना की ननंद मनीषा ने बताया कि प्रिया के साथ लोकेंद्र नामक युवक रहता है उनके घर पर भाई के लडक़े शुभ का जन्मदिन मनाया था, लोकेंद्र वाहन चालक है। सुबह प्रिया हमारे घर पर आई उसने बताया कि उनके दोनों बच्चे उठ नहीं रहे हैं। मेरी भाभी रीना के साथ अस्पताल लेकर गए थे।औद्योगिक थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि ढांचा भवन क्षेत्र में एक महिला पिछले डेढ़ माह से दो बच्चों के साथ किराए से रह रही थी।

रात को जन्मदिन की पार्टी चल रही थी, उसमें शामिल होने के बाद शनिवार सुबह मृत अवस्था में मिले थे। दोनों बच्चों के शव का परिक्षण किया गया है, घटना स्थल पर पुलिस टीम पहुंच गई थी। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध पाए जाने पर डॉक्टरों की पैनल से पोस्टमार्टम किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। महिला प्रिया का मायका मूल रुप से मथुरा का है



ससुराल मुरैना जिले का है। दोनों के परिवार मथुरा में रहते थे तब महिला ने पति विष्णु कटारा से प्रेम विवाह 2014 में किया था। रोजगार की तलाश में गुजरात फिर पीथमपुर आ गए यहां दोनों के बीच विवाद हुआ था उसके बाद महिला प्रिया अपने दोनों बच्चों के साथ डेढ़ माह पूर्व देवास आई थी।

## बीआरसी कार्यालय पर डीपीसी की बैठक हुई आयोजित

**चापड़ा।** जनपद शिक्षा केंद्र बागली में डीपीसी अजय कुमार मिश्रा के प्रथम बागली आगमन पर बीआरसी कार्यालय बागली पर शिक्षकों व्दारा डीपीसी का स्वागत किया गया।इस दौरान बी आर सी कय्यूम खान बनारसी, जन शिक्षक बी.योगेश तिवारी ,नेहा श्रीवास्तव , इंद्रमल गोठी उपस्थित रहे। डीपीसी मिश्रा द्वारा जन शिक्षकों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की गई।उनके द्वारा वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त सभी ऑनलाइन ऑफलाइन कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिले का सबसे बड़ा विकासखंड है मेरे द्वारा समय-समय पर मॉनिटर की जाएगी। बीआरसी बनारसी ने आश्वस्त किया कि विकासखंड अंतर्गत सभी विद्यालय समय सीमा में कार्य पूर्ण करेंगे जिससे कि जिले का प्रदेश में नाम हमेशा अग्रणी बना रहे।



# बदहाल सड़क व्यवस्था को लेकर शिवसेना ने निगम अधिकारियों से की मुलाकात

### बीमा रोड चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शुक्रवार को शिवसेना का प्रतिनिधिमंडल देवास नगर निगम कार्यालय पहुंचा और उज्जैन रोड (इटावा) तथा बीमा रोड की जर्जर स्थिति को लेकर निगम अधिकारियों से मुलाकात की। शिवसेना प्रवक्ता संजू भाटी ने बताया कि यह प्रतिनिधिमंडल युवा शिवसेना शहर अध्यक्ष शिवम चतुर्वेदी के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित शर्मा, जिला अध्यक्ष सुनील वर्मा व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ नगर निगम कार्यालय पहुँचा। निगम आयुक्त रजनीश कसेरा कार्यालय में अनुपस्थित थे, इसलिए सभी पदाधिकारी निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया से मिले। उन्होंने बीमा रोड और उज्जैन रोड इटावा की खराब स्थिति से उन्हें अवगत कराया। उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लिया और संबंधित विभाग के इंजीनियर इंदुप्रभा भारती को बुलाकर सभी बिंदुओं पर चर्चा की। प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित शर्मा ने बताया कि बीमा रोड पहले से ही गड्ढों से भरी हुई थी और बारिश के बाद स्थिति और भी खराब हो गई है। गड्ढों के कारण वाहन चालकों की गाड़ियाँ खराब हो रही हैं और इमरजेंसी स्थिति में भी लोग इस मार्ग का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। सड़क की हालत इतनी खराब है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।



शिवसेना जिला अध्यक्ष सुनील वर्मा ने कहा कि कुछ दिन पहले निगम के पीडब्ल्यूडी अधिकारी सौरभ त्रिपाठी को सड़क की स्थिति से अवगत कराया गया था। उन्होंने बताया था कि निगम द्वारा गड्ढों में पैचवर्क का कार्य करवाया गया है। वर्मा ने आरोप लगाया कि यह कार्य घटिया सामग्री से किया गया, जो पहली बारिश में ही बह गया। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि रिकॉर्ड में सारा कार्य हो चुका है, तो सड़क अब भी बदहाल क्यों है? लाखों रुपये का पैचवर्क पानी में कैसे बह गया — यह गंभीर जांच का विषय है, और शिवसेना इस मामले में जांच की मांग करेगी। इस मौके पर शिवसेना के श्रवण सिंह, विनोद पटेल, विजय जायसवाल, लखन टिपानिया, आशु पाटारे, बलवंत कुशवाहा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर के निर्देश पर ओआईसी के निरीक्षण के बाद बदले प्रभार: डॉ. पटेल के स्थान पर डॉ. गुजराती को बनाया बरोठा सीएचसी बीएमओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

लंबी शिकायतों के बाद ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मेघा पटेल को सीएचसी बरोठा के बीएमओ प्रभार से मुक्त कर दिया गया। डॉ.पटेल की जगह बीएमओ बरोठा का प्रशासकीय एवं वित्तीय प्रभार डॉ. राजेन्द्र गुजराती को सौंपा। शुक्रवार को डिप्टी कलेक्टर और ओआईसी जिला स्वास्थ्य ने बरोठा कम्युनिटी हेल्थ सेंटर का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान बीएमओ बरोठा हॉस्पिटल से नदारद थी। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई कमियां भी पाई गई थी। सीएमएचओ सरोजनी जेम्स बैक ने बताया कि बीएमओ डॉ. मेघा पटेल सुचारू रूप से हॉस्पिटल




की व्यवस्थाओ को संचालित नहीं कर पा रही थीअधिकांश समय हॉस्पिटल में अनुपस्थित रहती थी।जानकारी अनुसार गत दिवस जिला स्वास्थ्य की मीटिंग में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने भी बरोठा बीएमओ को हटाने के निर्देश सीएमएचओ को दिए थे, लेकिन सीएमएचओ द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।शुक्रवार को निरीक्षण के बाद प्रशासकीय व्यवस्थाएं बदली गई। डिप्टी कलेक्टर और जिला स्वास्थ्य ओआईसी अभिषेक शर्मा ने बताया कि कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को सीएचसी बरोठा का औचक निरीक्षण किया गया। सीएचसी के प्रबंधन को लेकर बरोठा क्षेत्र के ग्रामीणों की कई शिकायतें प्राप्त हुई थी। निरीक्षण के दौरान डॉ. पटेल अनुपस्थित थी, अस्पताल के स्टोर प्रबंधन में गड़बड़ियां पाई गई। स्टोर में सामान होने के बाद भी मरीजों शासन की मंशा अनुरूप दी जाने वाली सुविधाएं नहीं मिल पा रही थी। गर्भवती महिलाओं को निर्धारित भोजन नहीं मिलना पा गया।

# विद्युत वितरण केंद्र प्रभारियों, लाइन कर्मियों को दिया प्रशिक्षण, सुरक्षा उपकरणों की बताई महत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शुक्रवार को संचारण संधारण सम्भाग देवास में सेफ्टी ड्रिल (सुरक्षा अभ्यास) और सुरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त वितरण केंद्र प्रभारियों सहित लाइन कर्मी उपस्थित रहे। कार्यपालन यंत्री अनस सिद्दीकी द्वारा कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों की महत्ता और जीवन में सुरक्षा साधनों की आवश्यकता को बहुत ही गहराई से समझाया गया। वितरण केंद्र प्रभारियों द्वारा सुरक्षा उपकरणों के उपयोग करने पर कर्मचारियों की सुरक्षा कैसे हुई और उपयोग न करने पर कैसे घातक दुर्घटना हुई इन अनुभवों को साझा करते हुए सुरक्षा उपकरण के उपयोग के महत्व को समझाया गया। वरिष्ठ सहायक यंत्री आर सी जमोडिया द्वारा प्रत्येक सुरक्षा उपकरणों की उपयोगिता को समझाया गया। लाइन पर कार्य



करते समय परमिट की आवश्यकता और परमिट जारी करने के नियमों से भी अवगत करवाया गया। गम बूट, हेंड ग्लोबज, हेलमेट, अर्थ रॉड आदि सुरक्षा उपकरणों से किस प्रकार सुरक्षा होती है यहां तक कि विभाग की यूनिफॉर्म के उपयोग पर भी प्रकाश डाला गया। अंत मे सिद्दीकी द्वारा कर्मचारियों को सुरक्षा साधनों से कार्य करने की शपथ दिलवाई गई।

### शिक्षकों के अभाव में बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित, समूचे क्षेत्र के हालातों पर नहीं विचार

# पोर्टल की विसंगति से शैक्षणिक व्यवस्था पर हो रहा बुरा असर







हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इन दिनों शिक्षा विभाग की प्रायोगिक नीतियों के कारण शासकीय स्कूलों में बच्चों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। इस बीच कुछ ऐसे स्कूल भी है जहां पर शिक्षकों की मेहनत के चलते बच्चों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन लचीले सिस्टम एवं शिक्षा विभाग की अनदेखी के कारण उन स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक न होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ऐसा ही एक मामला चापड़ा संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय अम्बाझर का सामने आया है, जहां पर शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विगत दो सत्रों से यहां पर शिक्षकों की कमी है, लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। चापड़ा संकुल के आखिरी छोर पर स्थित एक छोटे से गांव में संचालित शासकीय प्राथमिक स्कूल अंबाझर में सबसे अधिक 140 छात्र छात्राएं अध्यनरत है। जहां पर सिर्फ तीन ही शिक्षक अध्यापन करा रहे है। नियम अनुसार 140 संख्या पर 5 पद होना चाहिए। वर्तमान में विद्यालय में 4 शिक्षक ही कार्यरत है, जिसमें एक शिक्षक सुभाष मालवीय ने बी आर सी आफिस बागली में अपना अटैचमेंट करवा रखा है। वर्तमान में विद्यालय में दो शिक्षक की आवश्यकता है, चूंकि शिक्षक की व्यवस्था हेतु अथिति पोर्टल के माध्यम से विद्यालय में रिक्त पदों की पूर्ति की जा सकती है। किन्तु पोर्टल की विसंगति के कारण विद्यालय में अथिति की पोस्ट भी नहीं दिखा रहा है। इस कारण भी व्यवस्था स्वरूप अतिथि शिक्षक भी नहीं मिल पा रहे है। जिसकी जानकारी आवेदन पत्र के रूप में वरिष्ठ कार्यालयों को भी दी गई है। साथ ही ईमेल के माध्यम से भोपाल भी आवेदन भेजा गया हैं,किंतु अभी तक स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। ज्ञात हो कि इसी विद्यालय से गत वर्ष एक छात्रा का नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा में चयन हुआ था। साथ ही विद्यालय का स्तर भी बहुत अच्छा है। विद्यालय में हमेशा नवाचार होता रहता है, परन्तु ऐसी स्थिति में विद्यालय के शैक्षिक स्तर पर प्रभाव पड़ता है। इस स्कूल में सभी मध्यम वर्ग के बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। हालांकि संकुल अंतर्गत ऐसे कई स्कूल है जहां पर आवश्यकता से अधिक शिक्षक शिक्षिकाएं कार्यरत है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी व्यवस्था को सुधारने का प्रयास तक नहीं कर रहे हैं। हालांकि जानकारी अनुसार संकुल स्तर पर भी जिस स्कूल में आवश्यकता से अधिक शिक्षक होते हैं वहां से उक्त स्कूल में व्यवस्था की जा सकती हैं। जिससे कि बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से हो सकें।

### हमारे स्कूल में अधिक बच्चे है

हमारे स्कूल में क्षेत्र के अन्य स्कूलों कि तुलना में सबसे अधिक बच्चे हैं, लेकिन स्टाफ की कमी होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ना ही अतिथि शिक्षक रख पा रहे हैं। संकुल से लेकर भोपाल तक के सभी जिम्मेदार कार्यालयों को लिखित में समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

**रमेशचन्द्र सोलंकी,** प्रधान अध्यापक शा. प्रा. स्कूल अंबाझर

### ऑनलाइन पोष्ट नहीं हो रही ओपन

हमारी ओर से सभी कागज़ी कार्रवाई कर दी गई है। भोपाल से ऑनलाइन पोस्ट ओपन नहीं हो रही है, जैसे ही ऑनलाइन अतिथि शिक्षक की पोस्ट शो होती है, नियुक्ति कर दी जाएगी।

**बहादुर सिंह बदुरिया,** संकुल प्राचार्य चापडा

# जंगल में दंपति ने एक ही रस्सी से फांसी लगाकर की आत्महत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित खेड़ाखाल गांव के जंगल में शनिवार दोपहर को एक पेड़ पर दो शव लटके हुए मिले।सूचना मिलने पर कमलापुर थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पर मौका निरीक्षण किया गया। थाना प्रभारी नाहर ने बताया कि एक दंपति ने अज्ञात कारणों के चलते खेड़ाखाल छायन के जंगल में सागवान के पेड़ पर एक ही रस्सी से दोनों ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर जीवन लीला समाप्त कर दी।नाहर ने बताया कि मृतक दंपति लांछा बाई पति रामविलास 48 वर्ष एवं रामविलास पिता जगन्नाथ विश्वकर्मा 52 वर्ष दोनों पति-पत्नी निवासी हाल मुकाम तैजाजी चौक पालदा नाका इंदौर ने एक साथ आत्महत्या की है। प्रथम दृष्टि में पारिवारिक समस्या बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतक दंपति का एक बेटा कई लापता हो गया है उसी को लेकर वह परेशान थे। पुलिस ने बताया कि मृतक दंपति घर से नेमावर मां नर्मदा में स्नान करने जाने का बोलकर बस से निकले थे। परिजन मृतक को बार बार मोबाइल लगा रहें थे,जब मोबाइल रिसीव नहीं किया तो परिजनों ने इंदौर पुलिस को जानकारी दी , जिसके बाद मोबाइल लोकेशन के माध्यम से घटना स्थल पहुंचे। पुलिस द्वारा मौका पंचनामा बनाकर शव को नीचे उतरकर पीएम के लिए शासकीय अस्पताल बागली भेजा गया। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग महिला की धारदार हथियार से गर्दन पर हमला कर की हत्या

**ललितपुर (महरौनी)।** कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम सैदपुर में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव की 55 वर्षीय बुजुर्ग महिला गोरी बाई पत्नी मुकुंदी की धारदार हथियार से गर्दन पर हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महरौनी लाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही महरौनी पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले को संज्ञान में लिया। वहीं कोतवाली प्रभारी और क्षेत्राधिकारी स्वयं सामुदायिक केंद्र पहुंचे और पीड़ित परिवार से बात की। महिला के परिजनों ने गांव के ही युवक पंचू कुशवाहा पुत्र नंदराम उम्र 32 वर्ष पर हत्या और चोरी का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि पंचू कुशवाहा ने घर में घुसकर हत्या का प्रयास किया और साथ ही घर से सामान भी चुराने का प्रयास किया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है, वहीं पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषी को जल्द गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है, और जल्द ही सच्चाई सामने लाकर आरोपित को कानून के शिकंजे में लिया जाएगा।

### चोरी करके भाग रहे युवक को पकडने पर महिला से मारपीट

**पाली (ललितपुर)।** थाना पाली अन्तर्गत ग्राम पटउवा गांव का ही एक युवक एक घर में चोरी करते पकड़ा गया। पकड़े जाने पर युवक ने गृहस्वामिनी की मारपीट कर धमका कर भाग गया। ग्राम पटउवा निवासी अंतिम पुत्र नंदलाल ने थाना पाली पुलिस को लिखे प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि शुक्रवार की शाम चार बजे उसकी पत्नी घर में खाना बना रही थी। तभी मौका देख एक गांव का ही एक व्यक्ति उसके घर में घुस आया और गोदरेज का लॉक तोड़कर उसमें रखे पांच हजार रुपए लेकर भागने लगा। घर में खटपट की आवाज सुन महिला उस कमरे में पहुंची और उसे पकडने का प्रयास किया तो घर में घुसे युवक ने महिला के साथ मारपीट कर दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि घर में घुसे चोर ने कुछ नगदी मुंह में चबाने का प्रयास किया।

संपूर्ण समाधान दिवस पर आई शिकायत, सर्वाधिक तालबेहट तहसील से

# संपूर्ण समाधान दिवस पर 261 मिली शिकायतें, 31 का मौके से निपटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

**जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने अपने प्रथम सम्पूर्ण समाधान दिवस तालबेहट में जनसमस्याओं को सुना और 11 शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण जनशिकायतों का निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रुप से निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु अधिकारियों को दिये निर्देश जनता को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का दिलाया भरोसा, जनसेवा ही हमारी प्राथमिकताः जिलाधिकारी अमनदीप डुली**




ललितपुर। शासन के निर्देशानुसार शनिवार को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसके तहत नवागंतुक जिलाधिकारी अमनदीप डुली एवं पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने तहसील तालबेहट में जनसुनवाई की, इस अवसर पर अधिवक्ताओं व नागरिकों ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक का माला पहनाकर व सॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त कई शिकातयों का मौके पर निस्तारण कराया गया, शेष शिकायती पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को सौंपते हुए जनसेवा को प्रतिबद्ध जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनशिकायतों का निस्तारण प्रत्येक दशा में समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, आज जो शिकायतें सम्बंधित विभागों को तिथि निर्धारित कर पृष्ठांकित की जा रही हैं, वे नियत तिथि तक अनिवार्य रुप से निस्तारित हो जानी चाहिए, उनकी पुनरावृत्ति से समझा जाएगा कि सम्बंधित अधिकारी निस्तारण कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने शिकायतकर्ताओं को अपने समीप बुलाकर गंभीरता से उनकी बात सुनी और उन्हें निस्तारण का भरोसा दियाला, उन्होंने कहा कि जनता की सेवा जिला प्रशासन का दायित्व है, यहां उपस्थित प्रत्येक अधिकारी जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु प्रतिबद्ध है, इसमें कहीं कोई लापरवाही नहीं होगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस प्राप्तशिकायतें तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 07, विकास के 04, विद्युत के 03, पुलिस का 01 तथा अन्य विभागों के 10 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 05 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 31 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 10, पुलिस विभाग के 06, विकास विभाग के 03, पूर्ति के 05, विद्युत के 03, चकबंदी का 01 तथा अन्य विभाग के 03 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 09 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 141 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 32, विकास के 12, पुलिस के 17, पूर्ति के 23, विद्युत के 08, नगर पंचायत के 02 तथा पूर्ति के 47 प्रार्थना पत्र शामिल हैं।

## बेकाबू हुआ ट्रक पेट्रोल पंप की दीवाल तोड़कर घुसा, ड्राइवर व क्लीनर की घटनास्थल पर मौत



**ललितपुर।** जिले के तालबेहट कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। हाईवे-44 पर बम्होरीसर गांव स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और पेट्रोल पंप की दीवार से जा टकराया। इस हादसे में ग्राम विद्यामहावत निवासी ट्रक चालक 40 वर्षीय राजकुमार व क्लीनर 42 वर्षीय रमेश पाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि रवि जो कि नागपुर से लोहे की चद्दर भरकर कानपुर जा रहा था गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर घायल को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा सुबह करीब 5 बजे हुआ, जब ट्रक ललितपुर की ओर से आकर झाँसी की ओर जा रहा था। ट्रक की रफ्तार बहुत अधिक थी और चालक अचानक उस पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे वाहन दीवार को तोड़ता हुआ पंप के अंदर घुस गया। टक्कर की तीव्रता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दीवार का बड़ा हिस्सा धराशायी हो गया और ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी मनोज मिश्रा पुलिस बल व बचाव टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक में फंसे घायल युवक को बाहर निकाला। हादसे में चालक व परिचालक की मौत हो चुकी थी, जबकि एक की हालत नाजुक थी। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, हादसे की वजह स्पष्ट नहीं है, लेकिन प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को प्रमुख कारण माना जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है, और जिम्मेदारों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सिटी चौकी पुलिस ने स्वयं संज्ञान में लेकर दर्ज की रिपोर्ट

## व्यापारी का हर्ष फायरिंग वाला वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर के प्रतिष्ठित माने जाने वाले व्यापारी नरेंद्र जैन कड़की पूर्व नगर अध्यक्ष का एक फायरिंग वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो में उन्हें भीड़ के बीच लाइसेंसी हथियार से तीन राउंड फायरिंग करते हुए साफ देखा जा सकता है। यह घटना नागपंचमी के दिन, 29 जुलाई 2025 को जैन वीर व्यायामशाला, मऊठाना में घटी, जहां बड़ी संख्या में लोग और नन्हे बच्चे भी उपस्थित थे। वीडियो के आधार पर उपनिरीक्षक सुशील कुमार त्रिपाठी ने स्वतः संज्ञान लेकर एफआईआर संख्या 0868 दर्ज की है। इसमें भारतीय न्याय संहिता धारा 125, आयुध अधिनियम धारा 30, और आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम धारा 7 के अंतर्गत अपराध माना गया है।

### आचार्यश्री की तस्वीर के समक्ष हिंसा, आस्था और मर्यादा पर आघात

सबसे पीड़ादायक बात यह रही कि यह फायरिंग आचार्यश्री की तस्वीर के समक्ष की गई, जिनके विचारों और त्याग से दुनियाभर में लाखों लोग अहिंसा और संयम के पथ पर अग्रसर हुए हैं। यह कृत्य न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि धार्मिक मर्यादा और आस्था के अपमान के समान है। जहां आचार्यश्री का शांत और उज्ज्वल चेहरा दिखाई दे रहा हो, वहां गोलियों की आवाज केवल धर्म नहीं, मानवता की भी अवमानना है।

### अब बयानबाजी से सच्चाई को ढंकने की कोशिश

घटना सामने आने के बाद नरेंद्र जैन कड़की द्वारा सोशल मीडिया पर यह भ्रामक दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो लगभग 8 साल पुराना है। लेकिन वायरल वीडियो में कई अबोध बालक स्पष्ट रूप से नजर आ रहे हैं, जो 8 वर्ष पूर्व शिशु अवस्था में रहे होंगे, यह तथ्य खुद इस दावे को झूठा साबित करता है। माफी मांगने और उत्तरदायित्व स्वीकार करने के बजाय एक झूठा वक्तव्य जारी कर अपराध को छिपाने की कोशिश समाज के सामने एक खतरनाक उदाहरण पेश करती है।

### पुलिस की तत्परता

उपनिरीक्षक त्रिपाठी और उनकी टीम की निगरानी से यह स्पष्ट है कि प्रशासन सोशल मीडिया गतिविधियों पर सजग है, और किसी भी व्यक्ति को उसके रसूख के कारण कानून से ऊपर नहीं माना जा सकता।

### गणमान्य नागरिकों की सख्त टिप्पणी

अहिंसा का प्रतीक धर्म और संयम का मार्गदर्शन करने वाली तस्वीर के सामने हथियार चलाना सिर्फ एक अपराध नहीं, पूरे समाज के आत्मसम्मान को ललकारने जैसा है। अब समय आ गया है कि समाज इस प्रकार के दबंग चरित्रों को खारिज करे जो झूठ, भय और दंभ के सहारे खुद को बचाने की कोशिश करते हैं।

जिलाधिकारी ने दिए दिशा निर्देश

## नागरिक सुरक्षा स्थापना व कार्य कलापों की निगरानी पर बैठक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जनपदों में नागरिक सुरक्षा विभाग की स्थापना कर नागरिक सुरक्षा के किया-कला पों को सुचारू रूप से चलाया जाना है उपरोक्त के कम में जय राज तोमर उप नियंत्रक / कार्यालयाध्यक्ष नागरिक सुरक्षा झाँसी द्वारा नवसृजित नागरिक सुरक्षा नगर ललितपुर के नवागत जिला मजिस्ट्रेट अमनदीप डुली से से शिष्टाचार भेंट कर नागरिक सुरक्षा की स्थापना एवं किया-कलापों के सम्बन्ध में वृस्तृत जानकारी एवं चर्चा की गयी। नागरिक सुरक्षा कोर की स्थापना के दृष्टिगत जनपद में नागरिक सुरक्षा सम्बन्धी कार्यों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी अमनदीप डुली द्वारा अंकुर श्रीवास्तव अपर जिलाधिकारी (वि०रा०) को प्रभारी अधिकारी के रूप में नामित कर दिया गया है। उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा झाँसी द्वारा ईओसी का अवलोकन किया आपदा विशेशज्ञ ने सम्पूर्ण वस्तुस्थित से अवगत कराया तथा अनुरोध किया गया कि नागरिक सुरक्षा नगर झाँसी से नागरिक सुरक्षा की टीम माह में कम से कम दो दिन ललितपुर आकर प्रशिक्षण एवं अन्य नागरिक सुरक्षा कार्यो के सम्बन्ध में मार्गदर्शन प्रदान करें बैठक में उपनियंत्रक / कार्यालयाध्यक्ष जय राज तोमर नागरिक सुरक्षा झाँसी व सहायक उपनियंत्रक (व०वे) सुनील कुमार सिंह व आरती सिंह आपदा विषेशज्ञ उपस्थित रही।

### छात्र-छात्राओं को दिए करियर काउंसलिंग में भविष्य के निर्माण के लिए दिशा निर्देश



**ललितपुर।** जिला सेवायोजन के तत्वाधान में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, मे एक दिवसीय कॅरियर काउसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की रितु गुप्ता, सहायक अध्यापिका द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम आकाँक्षा यादव, जिला रोजगार सहायता अधिकारी, द्वारा संस्थान के छात्र/छात्राओं को रोजगार संगम पोर्टल, कॅरियर लक्ष्य निर्धारण एवं महिला सुरक्षा पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को उनकी जिज्ञासाओं के बारे में प्रश्नों को पूछकर उनका समाधान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित काउन्सलर डा0 प्रियम्वदा सारस्वत द्वारा छात्राओं को शिक्षा क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के आयामों के बारे में बताया गया। कॅरियर काउन्सिलिंग कार्यक्रम में लगभग 320 छात्राएं उपस्थित रही कार्यक्रम का समापन करते हुये कॉलेज के प्रधानाचार्या अंजना वर्मा द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। सेवायोजन कार्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हूये संस्थान की ओर से अनुरोध किया गया कि उनके कॉलेज में भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया जाये।

पुलिस को मामले की शिकायत कर जांच कराने की मांग रखी

## बसपा सुप्रीमो पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर कार्यकर्ताओं में पनपा आक्रोश

### विधानसभा अध्यक्ष महरौनी ने दर्ज कराई एफआईआर, कार्रवाई करने की मांग

**ललितपुर।** बसपा सुप्रीमो का नाम लेकर गन्दे-गन्दे शब्दों व गालियों का प्रयोग कर अपमानित करने और भड़काऊ एवं उत्तेजनात्मक शब्दों का प्रयोग कर दंगा फसाद कराने की नीयत से सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किये जाने का प्रकरण प्रकाश में आया है। ऐसे मामले में महरौनी विधानसभा 227 से बसपा अध्यक्ष रामबगस पुत्र सुन्ना अहिरवार ने लिखित तहरीर थाना महरौनी पुलिस को दी है। विधानसभा अध्यक्ष राम बगस ने पुलिस को अवगत कराया कि बीती 31 जुलाई को रात करीब 9.05 बजे उसे सोशल मीडिया पर जानकारी हुयी कि एक व्यक्ति जिसका नाम पुराना सौजना रोड व हाल मान्यवर कांशीराम कालोनी महरौनी निवासी इमरत अहिरवार पुत्र बाबूलाल अहिरवार बताया गया है ने बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उ.प्र. की पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ नाम लेकर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया है। आरोप यह भी है कि उक्त व्यक्ति द्वारा भड़काऊ व उत्तेजनात्मक शब्दों का प्रयोग किया गया है, जिससे शांतिपूर्ण समाज में दंगा फसाद हो। उसने दंगा फसाद कराने की नीयत से यह कार्य किया है।

पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट, जांच शुरू

## अज्ञात वाहन से घायल युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत थाना चन्देरी के ग्राम कुंवरपुर निवासी शोभाराम पुत्र बल्देव अहिरवार ने पुलिस को अवगत कराया है। बताया कि उसका 22 वर्षीय पुत्र पवन कुमार अपनी रिश्तेदारी में हुयी गमी के चलते अंतिम संस्कार के लिए ललितपुर आया हुआ था। अपराह्न 2 बजे उसका पुत्र अपनी मोटर साइकिल संख्या एम.पी. 67 एम.बी. 8025 से घर के लिए आ रहा था। तभी घुसयाना कब्रिस्तान के पीछे किसी अज्ञात वाहन द्वारा जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पुत्र पवन गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे राहगीरों की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे झांसी रेफर कर दिया गया। यहां पर उपचार के दौरान 9 जुलाई को पवन को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी और वह पवन को अपने घर ले गया। बताया कि 13 जुलाई को उसके पुत्र का देहान्त हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप

ललितपुर। चौकी नई बस्ती क्षेत्र अंतर्गत गांधीनगर निवासी वृन्दावन पुत्र बुद्दे ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 31 जुलाई की रात करीब 11 बजे वह अपने घर पर था, तभी पड़ौस में रहने वाला मोनू, आरती पत्नी मोनू, मोनू की सास जो कि पास में रहने वाले रमेश साहू के मकान में किराए से निवास कर रहे हैं। आरोप है कि उक्त तीनों ने गालियां देते हुये लात-घूसों से मारपीट कर दी और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

हरियाली ही धरती का असली श्रृंगार

## चन्द्रप्रभु जैन मिलन ने किया वृहद स्तर पर पौधों का रोपण फलदार पौधे भी लगाए गए



**ललितपुर।** तालाबपुरा डोंडाघाट स्थित श्रीचन्द्रप्रभु जैन मिलन के तत्वाधान में श्रीशान्तोदय तीर्थ क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। वक्ताओं ने कहा कि हरे-भरे पेड़-पौधे ही धरती का असली श्रृंगार हैं। आधुनिकता की चकाचौंध में वृक्षों का दोहन नहीं होना चाहिए। इसलिए प्रत्येक वर्ष हजारों-लाखों पौधों का रोपण किया जाता है, ताकि धरती पर हरियाली रहे। हरियाली से पेड़-पौधों से पर्यावरण संतुलित और स्वच्छ रहता है। इस दौरान वीर राजेश कोटा अध्यक्ष, वीर कमलेश मस्तापुर मंत्री, वीर मनीष पारौल कोषाध्यक्ष, वीर अनूप सेठी शाहपुर संयोजक, वीर आनंद झारसुगुड़ा, वीर नरेन्द्र करमई, वीर पवन सतरवांस, वीर संतोष सतरवास, वीर सचिन कटेरा, वीर नीरज बचरावनी के अलावा जैन मिलन महिला शाखा की पदाधिकारी उपस्थिति रही।

कर भला, तेरा होगा भला

## रामकिशोर मुखिया की लोक भजन संध्या हुई



**महरौनी (ललितपुर)।** ग्राम गौना में आयोजित शिव महापुराण कथा के समापन उपरांत रेडियो सिंगर बुन्देलखण्ड के सर्वमान्य लोक भजन गायक रामकिशोर यादव की भजन संध्या आयोजित की गयी। सात दिवसीय शिवमहापुराण के उपरांत लोक भजन संध्या आयोजित की गयी। सर्वप्रथम पूर्व ग्राम प्रधान प्यारेलाल कुशवाहा, प्रधान दयाराम कुशवाहा व ठेकेदार सुन्दर कुशवाहा ने विधिवत शिवजी व मां शारदे के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर भजन संध्या का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात पधारे हुए सभी कलाकारों का स्वागत किया गया इसके बाद भजन गायक दिनेश विश्वकर्मा ने मां भगवती व शिवजी की आराधना के साथ भजन संध्या का आगाज किया। इसी क्रम में बुन्देली भजन सम्राट रामकिशोर मुखिया ने एक से बढकर एक भजन की प्रस्तुति की गयी, जिसमें प्रमुख रुप से कर भला कर भला तेरा होगा भला गीत को सभी ने सारहा। भजन संध्या में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान सुखलाल कुशवाहा, प्यारेलाल कुशवाहा, प्रधान दयाराम कुशवाहा, ठेकेदार सुन्दर कुशवाहा, लखन कुशवाहा, विहारी लाल, भरोसे लाल, दिनेश विदुआ, रामशरण दीक्षित, प्रकाश नारायण निरंजन, प्रमोद सीरौठिया, लक्ष्मी चौधरी, राकेश उपाध्याय, राजपाल कुशवाहा, देवकरन कुशवाहा, छोटे यादव, संयम यादव, धर्मेन्द्र विदुआ, संदीप विदुआ, रामदेव तिवारी, अरविन्द सिंह, नरेश कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, जगभान सिंह बुंदेला, भगवान सिंह परमार, गोपीराय, साहब सिंह, गोविन्द सिंह, गोविन्द दास बुनकर, आनंद किशोर कुशवाहा, नथू कुशवाहा, रामचरन मिश्रा, रविशंकर दुबे सहित अनेक ग्रामवासी व क्षेत्रीय श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयन्ती विशेष पर प्रस्तुत लेख

# अपने समय की खड़ी बोली में हिन्दी के आदिकवि गुप्त जी सरल तरल व्यक्तित्व के धनी थे : प्रो.शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्तजी की जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो.भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि राष्ट्रकवि की अमर कृति भारत भारती की उदबोधक पंक्तियाँ हम कौन थे? क्या हो गए? और क्या होंगे अभी? आओ विचारें सोचकर, ये समस्याएं सभी? उन्होंने कहा कि राष्ट्रकवि की उपाधि सरकारी खिताब न होकर स्वतंत्रता संग्राम के महानायक गांधीजी ने जनता की ओर से काशी की जनसभा मे भारत भारती कृति की देशव्यापी लोकप्रियता के कारण दिया था। भगवान बुद्ध की पत्नी यशोधरा खंडकाव्य के मुख पृष्ठ पर अंकित पंक्तियां अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी, आंचल में है दूध और आँखों में पानी। मातृत्व और सृष्टत्व के कारण कवि संसार की आधी नारी शक्ति को हिमालय से भी अधिक ऊंचा स्थान देता है। चाहे नारियों में साकेत की उर्मिला ,सीता,और अन्य कृतियों में चैतन्य महाप्रभु की पत्नी विष्णुप्रिया, जिसमे गुप्तजी कहते हैं नारी अबला नहीं, इतनी सबला है कि अबला के भय से भाग गए, वे उससे भी निर्बल निकले? नारी निकले तो असती कहाती है? नर यति कहाकर, चल निकले? गरीबी की समस्या के वैज्ञानिक निदान के आधुनिक अन्वेषी चिंतक कार्ल माक्र्स की पत्नी जयनी-काव्य में गुप्तजी कहते हैं कि धन रूपी फल का, परिश्रम ही मूल है, किन्तु श्रमिकों को फल मिलता है कितना। पूंजीपतियों की जूठन जितना। अहिंसा व्रतधारी गुप्तजी विप्लवी क्रान्तिदर्शी थे। एक ओर जहां मर्यादावादी तुलसी, विवाह मण्डप में तन्मय बैठी सुकुमार सियाप्यारी के लिए कहते हैं राम को रूप निहारत जानकी, कंगन के नग की परछाहीं। के रूप में चित्रित करते हैं। वहीं गाँधी युगीन श्रमिक आत्म निर्भर बाला के रूप में खुरपी- कुदरा लिए हुए सीताजी के जिस स्वरूप को अंचल पट कटि में खौंस, कछोटा मारें। सीता माता हैं, आज नई धज धारें। बुन्देली माटी की सौंधी सुगंध में रचा बसा सीता मैया का यह गांधीवादी स्वरूप देखते ही बनता है। निसंदेह यदि गुप्त जी खड़ी



बोली में काव्य रचना न करते तो हिन्दी संसार छायावाद, प्रगतिवाद और नई कविता की सशक्त अभिव्यक्ति से वंचित रहता। दक्षिण के तत्कालीन राष्ट्रपति आर वेंकटरमन जब अपने पद की शपथ लेने दिल्ली आ रहे थे तब वहां जाने से पूर्व राष्ट्रकवि की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए चिरगाँव पहुंचे और उन्होंने कहा कि गुप्तजी की भारत भारती पढ़कर गीता के कृष्णार्जुन संवाद की तरह अगणित मोहान्द आधुनिक युग के अर्जुन जाग उठे। सम्पूर्ण दक्षिण भारत गुप्तजी की भारत भारती पढ़कर हिन्दी सीखने की ओर अग्रसर हुआ, उनमें से एक मैं भी हूँ। गुप्तजी का साकेत महाकाव्य उनकी सर्वोत्कृष्ट कृति है जिसमें भगवान राम धरती के एक-एक मनुष्य में गोचर ब्रह्म का दर्शन स्वयं एक मानव के रूप में करते हैं और भरोसा दिलाते हैं। संदेश यहां मैं नहीं स्वर्ग का लाया, इस धरती को ही स्वर्ग बनाने आया। इसी प्रकार राष्ट्रकवि की अनुपम रचना यशोधरा है जो भगवान बुद्ध की पत्नी हैं और पिता की अनुपस्थिति में अपने बेटे राहुल का पालन-पोषण पिता और मां के रूप में निष्ठापूर्वक करती है।

बौद्ध धर्म स्वीकार करने पर भिक्षुक के रूप में जब भगवान बुद्ध भिक्षापात्र लेकर अपने राजमहल कपिलवस्तु से होते हुए आते हैं तो उनके पिता शुद्धोधन राजमहल के दरवाजे बंद करते हुए कहते हैं गोपा (यशोधरा) बिना गौतम भी ग्राह्य नहीं मुझको परंतु नारी के त्याग और गरिमा की महिमा जो यशोधरा के इन शब्दों में गुप्तजी प्रस्फुटित करते हैं, उससे बुद्ध की करुणा और प्रेम के विश्वव्यापी अभियान में अपने बेटे राहुल सहित मां यशोधरा भी समर्पित हो जाती है। गुप्तजी ने अपनी प्रेमिलवाणी में इस प्रसंग को इन शब्दों में कितनी अनूठी अभिव्यक्ति दी है तुम भिक्षुक बनकर आये थे, गोपा क्या देती स्वामी? था अनुरूप एक राहुल ही, रहे सदा ये अनुगामी, मेरे दुख में भरा विश्व सुख, क्यों न भरूं मैं हामी, बुद्धं शरणं, धम्मं शरणं, संघं शरणं गच्छामि।

## मध्यरात्रि हुए हादसे के चलते जनहानि होने से बची

# जिले के देहरीकराड़ पंचायत के डाबरी गांव में स्कूल की छत ढही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के सारंगपुर क्षेत्र के कमलसरा गांव के स्कूल भवन की छत का एक हिस्सा ढहने की घटना के दो दिन बाद जिले में एक और स्कूल जर्जर स्कूल की छत गिरने का मामला सामने आया है। गनीमत से छत गिरने का यह हादसा रात्रि के समय हुआ। अगर दिन में यह हादसा होता तो अनेकों बच्चों एवं शिक्षकों की जान पर आ सकती थी।

जानकारी के अनुसार देहरीकराड़ पंचायत के ग्राम डाबरी में गुरुवार रात्रि कक्ष क्रमांक-5 में छत का एक हिस्सा अचानक भर-भराकर गिर गया। रात का समय होने से स्कूल में कोई विद्यार्थी या शिक्षक मौजूद नहीं था अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी। पंचायत के सरपंच सहित स्कूल के शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने बताया कि शाला भवन के बेहद जीर्ण-शीर्ण होने के बारे में एक साल पहले उच्चाधिकारियों को लिखित में अवगत करा दिया गया था, उसके बाद भी मरम्मत के लिए किसी तरह की कोई राशि नहीं आई। समूचे स्कूल भवन की छत से पानी टपक रहा है और छत को प्लास्टिक की पन्नी, तिरपाल से किसी तरह ढककर वहां अध्यापन कार्य करवाया जा रहा है।



### क्या जनहानि के बाद आएगी मरम्मत की राशि

उल्लेखनीय है कि राजगढ़ जिले में 526 ऐसे स्कूल हैं जिन्हें मरम्मत की दरकार है। डीपीसी कार्यालय द्वारा इन सभी भवनों की मरम्मत का प्रस्ताव बनाकर राज्य शिक्षा केंद्र भेजा जा चुका है लेकिन वहां से अभी तक कोई बजट प्राप्त नहीं हुआ है। उक्त 526 में से 239 स्कूल तो ऐसे हैं जिनमें मरम्मत करवाना नितांत आवश्यक है।

### राजस्थान हादसे के बाद पुनः मंगवाई गई सूची

जिले की सीमा से सटे राजस्थान राज्य के मनोहरथाना क्षेत्र के पिपलोदी स्कूल की छत गिरने से हुई 7 बच्चों की मौत के बाद राज्य शिक्षा केंद्र ने एक बार फिर से राजगढ़ जिले के जर्जर भवनों की सूची शिक्षा विभाग से तलब की है। उक्त सूची उसी दिन राज्य शिक्षा केंद्र को भेजी जा चुकी है। अब देखना यह है कि मरममत की दरकार वाले स्कूलों के लिए राशि कब तक आ पाएगी।

### डीईओ बोले शासन को भेजा है पत्र

इस बारे में जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला से बता करने पर उनका कहना था कि स्कूल जर्जर हालत में है एवं 4 सालों से बच्चों को वहां न बैठाते हुए अतिरिक्त कक्ष में पढ़ाई करवाई जा रही है। जर्जर भवन को गिराने के लिए शासन को पत्र भेजा गया है।

# पूर्व विधायक कल्पोनी के नेतृत्व में धरना देकर बैठे किसान

## लावारिस गोवंश के लिए स्थाई इंतेजाम करने की रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के हाईवे सहित अन्य आंतरिक मार्गों पर आए दिन हो रहे हादसों में निरीह गायें सहित अन्य गोवंश अपनी जान गवां रहे हैं। गोवंश के ठोर-ठिकाने के लिए प्रशासन द्वारा कोई स्थाई इंतेजाम न किए जाने के चलते किसानों की फसलों को भी गायों सहित अन्य मवेशियों द्वारा नष्ट की जा रही हैं। ऐसे में सड़कों सहित यहां-वहां घूमते निराश्रित गौवंश के लिए स्थाई इंतेजाम की मांग को लेकर पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी के नेतृत्व में करीब 15 से अधिक गांवों के किसान शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंचे। यहां सभी ने कलेक्टोरेट के गेट पर कुछ समय तक धरना देकर अपनी मांगों का ज्ञापन अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह को सौंपा।

### बारिश से बर्बाद फसलों के सर्वे की भी रखी मांग

*कलेक्टोरेट पहुंचे करेड़ी, गोरखपुरा, गेहूंखेड़ी, राजपुरा, कोलूखेड़ी, खारचाखेड़ी, खेरासी, टोडरी, हताईखेड़ा, तलाईखेड़ा, पीपल्याकुमार, खजूरी, करेड़ा, जलालिया, रोजड़, लिम्बोदा, चैंसला, तुमड़ियाखेड़ी, गुराड़िया, खेड़ी, घोड़ाखेड़ा, बरखेड़ी, सरेडी सहित अन्य गांवों के किसानों ने बीते दिनों हुई मूसलाधार बारिश से सोयाबीन, मक्का की फसलें पूरी तरह बर्बाद होने की बात भी कही। ग्रामीणों का कहना है कि पांच दिनों तक लगातार हुई बारिश से बीजों में अंकुरण तक नहीं हो पाया। दो बार बोवनी के बाद भी उपज अंकुरित नहीं हो पा रही है। ऐसे में उक्त ग्रामों का सर्वे करवाकर किसानों को मुआवजा एवं फसल बीमे का लाभ देने की मांग रखी गई है।*

# शासकीय माध्यमिक विद्यालय का जीर्णशीर्ण भवन धाराशायी किया

## 4 महीने बीतने के बाद भी छात्राओं को नवीन भवन नहीं मिला



**जीरापुर।** नगर के इंदर चौराहा पर स्थित आजादी के पुर्व का शासकीय भवन जिसमें कन्या शाला संचालित होती आ रही है। उक्त जीर्ण शीर्ण भवन जो कि पुराने समय का होकर चद्दर एवं खपरेलु छत युक्त रहा है जिससे बारिश का पानी टपकता रहता था।

क्षतिग्रस्त इस शाला भवन को नवीन स्वरूप देने के लिए नगर परिषद के द्वारा तोडा गया।इसके बाद शेष चार कक्षों में विद्यालय संचालित किया जा रहा है। इन दिनों हो भारी बारिश के चलते विद्यालय की छत से अन्य जो कक्ष है उनमें पानी टपक रहा है। इस वजह से विद्यालय में बच्चों को अध्यापन कार्य में भारी परेशानी हो रही है तथा छत पटकने के कारण शिक्षकों को डर सता रहा है कि राजस्थान के पीपलोदी जेसा हादसा यहां भी घटित न हो जायें। उल्लेखनीय है कि शासकीय माध्यमिक कन्या शाला में 1 मार्च 2025 को शिक्षिका श्रीमती ज्योत्सना दांगी के सेवानिवृत्ति विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, विधायक हजारीलाल दांगी सहित अन्य जनप्रतिनिधि सहित शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उक्त आयोजन में उपस्थित हुए थे ,जहां पर विद्यालय मेनेजमेंट ने शाला भवन की समस्या से अवगत कराया गया जिस पर विधायक हजारीलाल दांगी ने तत्काल नगर परिषद उपयंत्री को क्षतिग्रस्त भवन को तोड़कर शीघ्र नवीन भवन बनाने की बात कही थी। इसके बाद नगर परिषद के माध्यम से भवन को तोड़ा गया। लेकिन 4 महीने बीत जाने के बाद भी विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को नवीन भवन नहीं मिला है। वर्तमान में जो कक्ष है वह भी टपक रहे हैं।उपयंत्री-बृजेश उपाध्याय का कहना कि दिनांक 4/8/25को टेन्डर खुलेंगे तथा 15 लाख रुपए से भवन निर्माण होगा।

# सफाईकर्मी की हड़ताल : पीआईसी बैठक का निर्णय एक माह का वेतन

## अध्यक्ष व सीएमओ की समझाइश पर सफाईकर्मी पहुंचे काम पर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर पालिका सफाई कर्मी द्वारा वेतन को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल करते हुए एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व शुक्रवार को नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप थी, सुबह स्वच्छता वाहन भी नगर में नहीं पहुंचे इससे दुकानदार एवं आवासीय परिवार के घर से निकलने वाला कचरा चौराहों पर देखा गया। खबर लगते ही नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सफाई कामगार की हड़ताल को लेकर मंत्री एवं कलेक्टर,परियोजना अधिकारी से चर्चा की एवं उनके अनुसार नगर पालिका, पीआईसी की बैठक आहूत कर सभी सफाई कामगारों का वेतन देने का निर्णय लिया और समस्त सफाई कामगारों को बुलाकर वेतन देने की सूचना दी,तब कही जाकर सफाई कामगारों ने अपनी हड़ताल समाप्त करते हुए नगर में सफाई अभियान शुरू किया।

### जिम्मेदार बोले...

मध्य प्रदेश शासन नगर पालिका अधिनियम के तहत 2016 के बाद लगाए गए कर्मचारियों के वेतन को लेकर विसंगतियां थी जिसे फिलहाल वरिष्ठ अधिकारी यो से चर्चा कर निर्णय लिया है।

**पंकज पालीवाल,** नपाध्यक्ष सारंगपुर

पीआईसी की बैठक कर एक माह का वेतन देने का निर्णय किया गया है। शासन से जो मार्गदर्शन मिलेगा उसके अनुसार अग्रिम कार्यवाही होगी।

**ज्योति सुनेरे,** नपा सीएमओ सारंगपुर

## विहिप, बजरंगदल ने सौंपा ज्ञापन

# सारंगपुर की घटना को लेकर श्योपुर में भी उपजा आक्रोश



**राजगढ़।** विगत दिनों सारंगपुर की कन्याशाला में पदस्थ शासकीय शिक्षक मोहम्मद राशिद द्वारा मानवीयता की हदें लांघते हुए गोवंश के साथ अप्राकृतिक कृत्य को अंजाम दिया था। इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसका जुलूस निकालते हुए जेल भी भेज दिया है। उधर, आरोपी शिक्षक मोहम्मद राशिद के गृह नगर श्योपुर के नागरिक भी घटना को लेकर आक्रोषित हैं। इसी कड़ी में श्योपुर क्षेत्र के विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को उक्त घटना की तीखी निंदा करते हुए मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन स्थानीय अधिकारियों को सौंपा। उक्त ज्ञापन में इस तरह की विकृत मानसिकता वाले लोगों को सीधा फांसी देने की मांग पुलिस एवं प्रशासन से रखी गई है। राजगढ़ में भाजपा के जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया ने बताया कि मोहम्मद राशिद जैसे विधर्मी और कुकर्मी को तत्काल बर्खास्त करते हुए उसके घर पर बुलडोजर चलाया जाना चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह का कृत्य करने की सोचने वालों के लिए यह सजा एक नजीर बन सके।

**संविदा नीति का लाभ देने सहित रखी अन्य मांगें**

# आजीविका मिशन के संविदा कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने शुक्रवार दोपहर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। संगठन के अध्यक्ष तरुण भट्ट एवं सचिव पंकज शर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में शासन द्वारा 22 जुलाई 2023 को जारी संविदा नीति का लाभ आजीविका मिशन के संविदा कर्मचारियों को देने की मांग रखी गई। इसके साथ ही ग्रामीण आजीविका मिशन में वर्ष 2012 में शासन द्वारा निर्धारित किए गए वेतनमान अनुसार वेतन देने की मांग भी रखी गई है। साथ ही वर्तमान में दिए जा रहे वेतन निर्धारण की विसंगतियों को भी दूर करने की मांग इन संविदा कर्मचारियों ने की है। इसके साथ ही मिशन के तहत कार्यरत संविदा कर्मियों की सेवा समाप्ति किसी भी कारण से न किए जाने की भी मांग की गई। इस मांग के साथ शासन के उस आदेश का हवाला दिया गया जिसमें स्पष्ट उल्लेख है कि किसी भी संविदाकर्मी की सेवा समाप्त न करते हुए अन्य प्रावधानों एवं प्रक्रियाओं का पालन किया जाए।

### आए दिन समाप्त की जा रही सेवाएं

संविदाकर्मियों ने बताया कि उक्त निर्देशों का पालन न करने से आए दिन मिशन से जुड़े कर्मचारियों की सेवा समाप्त की जा रही है। मुख्यमंत्री से मांग की गई कि सभी जिलों को निर्देश प्रदान किए जाएं कि मिशन से जुड़े संविदाकर्मी की सेवा समाप्त न की जाए। इस अवसर पर आशीष कौशिक, विष्णु सिंह पंवार, अमित रावत, अवधेश सक्सेना, दुर्गा नागर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## दिव्यांग उत्थान सेवा समिति के बैनर तले सौंपा ज्ञापन

# दिव्यांगजनों की पेंशन 5 हजार प्रतिमाह करने मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के दिव्यांगजनों की विभिन्न मांगों को लेकर दिव्यांग उत्थान समिति के बैनर तले शुक्रवार दोपहर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में सभी दिव्यांगजनों की पेंशन 5 हजार रुपए प्रतिमाह करने की मांग प्रमुखता के साथ रखी गई है।

इसके साथ ही दिव्यांगजनों को यात्री बसों के रिाए में 50 प्रतिशत की छूट के स्थान पर 100 फीसदी की छूट देने, बिजली बिल में 100 प्रतिशत छूट प्रदान करने, दिव्यांगजन आयोग का गठन करने, आयुक्त के पद पर अनिवार्यतः दिव्यांग व्यक्ति की नियुक्ति करने, दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग को सामाजिक न्याय विभाग से अलग कर नवीन विभाग बनाने, दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 एवं मप्र दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2017 के पूर्णतः पालन करने, शासकीय दुकानों की नीलामी में दिव्यांगों हेतु छह प्रतिशत का कोटा रखने एवं रोजगार हेतु 10 लाख रुपए राशि तक का लोन बगैर गारंटी के देने की मांग रखी गई। दिव्यांग संघ पदाधिकारियों ने कहा कि अगर 8 अगस्त तक उनकी मांगे पूर्ण नहीं हुई तो वे आगामी आंदोलन की राह अपनाने पर मजबूर होंगे। इस अवसर पर शिवसिंह सिसोदिया, बीरम सिंह चौहान, दिनेश मालवीय, कलाबाई, दिनेश, बलदेव सिंह राजपूत, दिनेश खिंची, बीरमसिंह, मांगीलाल, कलाबाई, दुर्गाबाई, बलराम, मांगीलाल, हजारीलाल सहित अन्य दिव्यांगजन उपस्थित थे।



# नाली व सीसी रोड निर्माण सहित विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सारंगपुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 16 की महिलाओं ने वार्ड में व्याप्त जलभराव एवं बदहाल सड़कों की समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से सीसी रोड व नाली निर्माण की मांग की है। इस संबंध में वार्ड की दर्जनों महिलाओं ने नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचकर सीएमओ ज्योति सुनेरे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड 16 के रहवासियों को लंबे समय से गंदगी, कीचड़ और जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मानसून के चलते हालात और भी खराब हो गए हैं। नाली का उचित निर्माण न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बहता है, जिससे बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। वार्ड की महिलाओं ने अधिकारियों से जल्द ही नाली और सीसी रोड निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगी। इस दौरान दिनेश धनगर, रेखा यादव, अयोध्या विश्वकर्मा, कंचन पाटिल, मीना, दीपा, किरन, राधा, शिवकांत सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। वही वार्ड 16 ड्रीम होम कालोनीवासियों ने भी सड़क, कीचड़, पानी निकासी सहित विभिन्न मांगों के निराकरण के लिए एसडीएम के नाम तहसीलदार आकाश शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

## अंधविश्वास न चमत्कार, हाथ फेरने से बीमारी ठीक होने का दावा!

# मोर सिंह भोले बाबा के यह लगी भीड़, ग्रामीणों ने बताई बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

समीप ग्राम कड़लावद के लोहार परिवार में जन्मे मोर सिंह उर्फ भोले बाबा जो बचपन से ही अशिक्षित हैं, न किसी देवी देवता के यह जाते हैं, न किसी प्रकार का धाम है, सिर्फ प्रतिदिन भोलेनाथ के मंदिर में जाकर जल चढ़ाते हैं। उनके द्वारा कई प्रकार की बीमारी ठीक की जा रही हैं। हमारे संवाददाता ने ऐसे ही कुछ ग्रामीणों से चर्चा की तो पता चला कि गूंगे, बहरे, अंधे व्यक्तियों पर भोले बाबा उर्फ मोर सिंह द्वारा शरीर पर हाथ फेरा और उनकी बीमारी से निजात मिल गई। भोले बाबा ग्राम पंचायत कड़लावत के सरपंच मनोहर सिंह विश्वकर्मा के बड़े भाई हैं उनके परिवार में करीब 70 सदस्य हैं, सभी भाई एक जगह रहते हैं कई वर्षों से इस तरह के चमत्कार उनके हाथों से हुए हैं, जिसमें कालीसिंध नदी किनारे भोलेनाथ के मंदिर पर पानी से ज्योत जलाना, उक्त जोत कई वर्षों तक जलती रही, कुंडालियां डेम के बाद जलमग्न हो गई ,तब से लेकर आज तक भोले बाबा के हाथ से कई चमत्कार हुए हैं,लेकिन चमत्कारों की चर्चा सीमित रही ,हाल ही में भोले बाबा उज्जैन जिले के डाबड़ी गांव में रिश्तेदारी में पहुंचे वह पर दो बच्चे जो कि गूंगे बहरे एवं अंधत्व की बीमारी से ग्रसित थे,भोले बाबा ने उन पर हाथ फेरा और बच्चे बोलने,सुनने,और देखने लगे,इस बात की चर्चा से श,,,में आग की तरह फैली तो हजारों की संख्या में हुजूम दुखदर्द वाले लोग इकट्ठे हो गए,जिसमें हाथ पैर दर्द,हड्डी फैक्चर सहित विभिन्न बीमारी से ग्रसित लोग पहुंचे और उनको बाबा ने हाथ फेरा तब तत्काल उनको राहत महसूस हुई,सबसे बड़ी बात तो यह हैं कि भोले बाबा किसी भी प्रकार का तंत्र मंत्र पूजा पाठ नहीं जानते न किसी देवी देवता के पण्डे हैं बस भोले नाथ की कृपया से जिस पर हाथ रख देते है उस बीमार व्यक्ति की पीड़ा दूर हो जाती हैं,इन सब बीमारी को दूर भागने के लिए किसी भी प्रकार का कोई शुल्क या अगरबत्ती नारियल कुल मिलाकर किसी भी प्रकार की भेंट पूजा नहीं की जाती हैं।



बीमार व्यक्ति से ऊं नम शिवाय एवं जय भोलेनाथ बुलवाते हैं। उक्त खबर न तो अंध विश्वास फैलती है न किसी चमत्कार का दावा करती है। आंखों देखी कानों से सुनी खबर पाठकों के लिए प्रेषित है। किंतु खबर के लिए हमारे संवाददाता किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं हैं।

# स्कूल में बच्चों को गणवेश बांटकर मनाया जन्मदिवस



**माचलपुर।** नगर के शासकीय प्राथमिक विद्यालय क्रमांक-2 सांदीपनि ब्ड राइज केम्पस -2 माचलपुर में मनाया बच्चों को स्कूल गणवेश के शूज बांट कर जन्मदिवस। विद्यालय उपहार योजना अन्तर्गत बच्चों के बीच जाकर स्कूल में अतिथियों द्वारा दिया गया, जिसमें जिला पंचायत सदस्य जसवंत सिंह गुर्जर, भुपेंद्र सिंह मण्डलोई नगर कांग्रेस अध्यक्ष माचलपुर, पूर्व विधायक प्रतिनिधि समन्दर सिंह गुर्जर,युथ कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गुर्जर, सोशल मीडिया प्रभारी भोलाराम दुबे, राजेश राठौर,बंटी पांचाल जनप्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ मां सरस्वती जी का पूजन, प्रार्थना हुई। एकल गीत रमन खोकर द्वारा व सामुहिक गीत विद्यालय के छात्र -छात्राओं द्वारा गायन किया गया। उपस्थित सभी ने बच्चों की सहभागिता की सराहना की। उपस्थित सदस्यों बच्चों को उपहार से पदवेश वितरण किए गए। श्री भुपेंद्र सिंह मण्डलोई का जन्मदिवस कार्यक्रम का आयोजन बाल केबिनेट द्वारा किया गया। आभार वरिष्ठ शिक्षक ओमप्रकाश उपाध्याय ने माना, परिचय शाला प्रधानाध्यापक अब्दुल करीम खान द्वारा करवाया व संचालन सुरेश चंद्र सोनी शिक्षक द्वारा किया गया।